**Fourteenth Loksabha**

**Session : 5**
**Date : 18-08-2005**

**Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar**

>

Title : Need to accord the status of a telecom district to Bokaro district, Jharkhand.

**श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद)** : सभापति महोदय, झारखंड प्रदेश अंतर्गत बोकारो जिला में दूर संचार के लगभग 45000 कनैक्शंस हैं जिनमें से 30000 बेसिक टैलीफोन कनैक्शंस एवं 15000 मोबाइल फोन कनैक्शंस हैं। इसके अलावा 15000 मोबाइल कनैक्शंस प्रतीक्षा सूची में हैं और 5000 बेसिक फोन कनैक्शंस प्रतीक्षा सूची में हैं, जो कुल मिलाकर 65000 कनैक्शंस बनते हैं। बोकारो जिला में 14 टैलीफोन एक्सचेंज होने के बावजूद यह जिला दूर संचार जिला नहीं बन पाया है जबकि इससे छोटे जिलों को दूर संचार का जिला बना दिया गया है। 1985 से ही बोकारो दूर संचार जिला बनाने के सभी मापदंड पूरे करता है जिसके न होने के कारण इस जिले के उपभोक्ता एवं कर्मचारियों को धनबाद के चक्कर काटने पड़ते हैं। मैं सरकार से मांग करता हूं कि बोकारो जिला को दूर संचार जिला का दर्जा जनहित में अविलंब दिया जाए।